एकता विश्वास संघर्ष

सत्यमेव जयते

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0

सहयोग सदन, 6–गोखले मार्ग, लखनऊ–226001

उ0प्र0रा0वि0प0 आदेश सं0 8022–F(IR–I)90H/73 दि0 28.12.74 द्वारा मान्यता प्राप्त

सोसाइटी रजि0 अधिनियम 1860 में पंजीकरण संख्या 2672 दिनांक 08.09.1981

(सम्बद्धता : आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स एवं उ.प्र.डि.इं.महासंघ)

मेल पता : sachivrvpjes@gmail.com मोबाइल : 9044678853, 9451226682 वेबसाइट : www.rvpjes.org

पत्रांक सं0 19/स-7 दिनांक- 21.01.2025

माननीय अध्यक्ष,
उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0/
उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग
लखनऊ।

विषयः ध्यानाकर्षण कार्यक्रम की सूचना के सम्बन्ध में।

आदरणीय महोदय,

आप भलीभाँति अवगत है कि राज्य विद्युत परिषद जूनियर इजि0 संगठन उ0प्र0 न सिर्फ अपने सदस्यों के हित में ही अपितु ऊर्जा उद्योग की बेहतरी तथा बेहतर उपभोक्ता सेवा कार्य के लिए सतत प्रयासरत रहता है। संगठन सदैव रचनात्मक सोच के साथ समस्याओं का समाधान आपसी संवाद एवं द्विपक्षीय वार्ताओं के माध्यम से कराये जाने का पक्षधर रहा है।

संगठन द्वारा विगत में अनेकों पत्रों/द्विपक्षीय वार्ताओं के माध्यम से अवर अभियन्ताओं एवं प्रोन्नत अभियन्ताओं की ज्वलन्त माँगों/समस्याओं का समाधान तथा हाल ही में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम का पी0पी0पी0 माडल पर निजीकरण करने की एकतरफा कार्यवाही पर तत्काल विराम लगाये जाने हेतु शीर्ष ऊर्जा प्रबन्धन से अनुरोध किया गया। इतना ही नही संगठन के 77 वें वार्षिक महाधिवेशन के अवसर पर विगत 20 दिसम्बर 2024 को संवर्ग की माँगो/समस्याओं एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार किये जाने के प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से संगठन द्वारा अपना पक्ष उ0प्र0 सरकार एवं ऊर्जा प्रबन्धन के सम्मुख प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त के बावजूद ऊर्जा प्रबन्धन/उ0प्र0 शासन स्तर से संवर्ग की न्यायोचित मॉगों/समस्याओं का निराकरण कराये जाने में किसी प्रकार की सकारात्मक कार्यवाही नही की गयी एवं न ही पूर्वांचल तथा दक्षिणांचल डिस्कॉम के निजीकरण की कार्यवाही पर किसी प्रकार का विराम लगाया गया अपितु प्रबन्धन द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में पी0पी0पी0 माडल को Highlight कर निजीकरण किये जाने की कार्यवाही को और तेज कर दिया गया है।

Scanned with OKEN Sca

उ0प्र0 ऊर्जा के शीर्ष प्रबन्धन के उपरोक्त अन्यायपूर्ण एवं एकतरफा कार्यवाही से प्रदेशभर के जूनियर इंजिनियारों एवं प्रोन्नत अभियन्ताओं में उपजे व्यापक रोष एवं असन्तोष के दृष्टिगत संगठन द्वारा दिनांक 19.01.2025 की केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत की गयी।

संगठन की केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की सम्पन्न बैठक में संवर्ग की ज्वलन्त माँगों एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार के नाम से निजीकरण का प्रयोग किये जाने का, की जा रही एकतरफा कार्यवाही पर व्यापक चर्चा हुई एवं समिति द्वारा लिये गये निर्णयों की सूचना ऊर्जा प्रबन्धन, उ0प्र0 शासन एवं सरकार को अवगत कराये जाने हेतु निर्दिष्ट हूँ:-

(1) राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजिनियर्स संगठन उ0प्र0 शीर्ष ऊर्जा प्रबन्धन से यह माँग करता है कि उ0प्र0 ऊर्जा निगमों में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्काम के पी0पी0पी0 माडल पर की जा रही निजीकरण की एकतरफा कार्यवाही पर तत्काल रोक लगायी जाये।

(2) जूनियर इंजिनियर्स एवं प्रोन्नत अभियन्ताओं/विद्युत कार्मियों तथा ऊर्जा उघोग के व्यापक हित में मा0 ऊर्जा मन्त्री उ0प्र0 सरकार की अध्यक्षता में सेवा संघो एवं ऊर्जा प्रबन्धन के मध्य 03 दिसम्बर, 2022 में बनी सहमति के बिन्दुओं पर शीघ्रातिशीघ्र परिणाम परक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(3) मार्च, 2023 में उ0प्र0 ऊर्जा निगमों में हुए ध्यानाकर्षण आन्दोलन के दौरान प्रदेश में बडे पैमाने पर जूनियर इंजिनियर्स/अभियन्ताओं एवं विद्युत कर्मियों के विरूद्ध की गयी उत्पीडनात्मक कार्यवाहियाँ यथा एस्मा के तहत एफ0आई0आर0, निलम्बन, निस्कासन, विजिलेन्स जाँच एवं विभागीय अनुशासनिक जाँच कार्यवाहियों को समाप्त किये जाने हेतु मा0 ऊर्जा मन्त्री जी द्वारा अध्यक्ष उ0प्र0पा0का0लि0 /उ0प्र0ट्रा0का0लि0/उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0 को दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराया जाये एवं उत्पीड़न की कार्यवाहियों को तत्काल समाप्त कराकर लम्बित न्यायोचित माँगों/समस्याओं का निराकरण संवाद/वार्ता के माध्यम से कराया जाये।

(4) शीर्ष ऊर्जा प्रबन्धन द्वारा उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0 के Joint Venture में निर्माणाधीन/निर्मित तापीय परियोजना इकाइयों में उ0प्र0रा0उ0नि0लि0 के कामिकों की 50 % तैनाती किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(5) उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉन्समिशन कॉरपोरेशन लि0 में पी0पी0पी0 माडल के नाम पर अनुरक्षण/परिचालन हेतु बड़े पैमाने पर किये जा रहे अव्यवहारिक प्रयोग पर तत्काल विराम लागया जाये एवं निगम के कार्मिको/विभागीय कार्मिकों से ही कार्य लिये जाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर पारेषण इकाई को मजवूती प्रदान कर कार्मिको के हितों को सुरक्षित/संरक्षित किया जाये।

(6) संगठन के 77वें महाधिवेशन के अवसर पर प्रस्तुत मॉग पत्र /सुझावों पर प्रभावी कार्यवाही कर परिणामपरक आदेश शीघ्रातिशीघ्र निर्गत किया जाये।

Scanned with OKEN Sca

संगठन की केन्द्रीय कार्य समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में यह भी संज्ञानित कराया जाना है कि उ0प्र0 की शीर्ष ऊर्जा प्रबन्धन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्काम का किये जा रहे निजीकरण की एकतरफा एवं अविधिक कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाये जाने हेतु ऊर्जा प्रबन्धन/उ0प्र0 शासन एवं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराये जाने के निमित्त संगठन निम्नलिखित ध्यानाकर्षण आन्दोलन कार्यक्रम घोषित करता है:–

क्र0 स0	दिनांक	कार्यक्रम	कार्यक्रम स्थल
1.	22.01.2025 से दिनांक 09.02.2025	निजीकरण के विरोध में कार्यालय अवधि में काली पट्टी बांध कर कार्य करना एवं कार्यालय अवधि के पश्चात् सायः 5 बजे से एक घण्टे तक विरोध सभा आयोजित करना।	समस्त जिला एवं परियोजना शाखाओं में।
2.	26.01.2025	दिनांक 26.01.2025 को ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ रैली निकाला जाना।	समस्त जिला एवं परियोजना शाखाओं में।
3.	27.01.2025 से 09.02.2025 तक	(अ) नियमानुसार कार्य आन्दोलन (**work to rule**) (ब) सायं 5 बजे से 06 बजे के मध्य विरोध सभा। (स) ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण जनहित में कदापि उचित नहीं है, के सम्बन्ध में जन जागरण कार्यक्रम एवं निजीकरण के विरोध में जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम।	समस्त जिला एवं परियोजना शाखाओं में।

उपरोक्त तिथियों तक माँगो/समस्याओं का समाधान न होने की दशा में संगठन मजबूरन बाध्य होकर किसी बड़े ध्यानाकर्षण/आन्दोलन कार्यक्रम को घोषित करेगा। **संगठन ने यह भी निर्णय लिया है कि उक्त घोषित ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा प्रबन्धन द्वारा यदि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम के निजीकरण हेतु असंवैधानिक रूप से कन्सलटेन्ट की नियुक्ति का टेण्डर निरस्त नहीं करता है अथवा संगठन के किसी सदस्य के विरूद्ध उत्पीड़न की कार्यवाही की जाती है तो संगठन तत्समय आपातकालीन कार्यक्रम घोषित करने के लिए बाध्य होगा।**

Scanned with OKEN Sca

अत्एव संगठन पुनः अनुरोध करना चाहेगा कि कृपया उपरोक्त माँगों/समस्याओं के उचित समाधान हेतु प्रभावी कार्यवाही करने की कृपा करें जिससे ऊर्जा निगमों में सेवारत जूनियर इंजिनियरों/प्रोन्नत अभियन्ताओं में व्याप्त रोष एवं असंतोष को समाप्त कर उन्हें न्याय प्रदान किया जाना एवं औद्योगिक शन्ति को बल प्रदान कर ऊर्जा क्षेत्र मे व्यापक सुधार की दिशा में कार्मिकों के क्षमताओं का सदुपयोग कर विकास योजनाओं को क्रियान्वित किये जाने में गति दिया जाना सम्भव हो सकें।

नोटः– 1. प्रयागराज में अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक पर्व महाकुम्भ मेला 2025 एवं धार्मिक नगरी अयोध्या में मेला कार्य क्षेत्र में तैनात अवर अभियन्ताओं/प्रोन्नत अभियन्ताओं को उपरोक्त ध्यानाकर्षण कार्यक्रम से मुक्त रखा जायेगा।
2. अवकाश के दिनों में वृहद व्यवधान (**major break down**) की दशा में आवश्यक सेवा विभाग होने के दृष्टिगत जनहित में आपूर्ति बनाये रखने का कार्य सम्पादित किया जायेगा।

सादर!
संलग्नक :यथोपरि।

(बलबीर यादव)
केन्द्रीय महासचिव

पत्रांक तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार लखनऊ।
2. मा0 ऊर्जा मंत्री/ऊर्जा राज्य मंत्री उ0प्र0 सरकार, लखनऊ।
3. अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, लि0, वाराणसी/मध्यांचल विद्युत वितरण निगम, लि0, लखनऊ/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम, लि0, आगरा/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम, लि0, मेरठ/केस्को, कानपुर।
6. संगठन रिकार्ड फाइल।

(बलबीर यादव)
केन्द्रीय महासचिव

Scanned with OKEN Sca